केन्द्रीय सूचना आयोग
द्वितय तल, अगस्त क्रांति भवन
भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली – 110066.
******

प्रथम अपील सं. CIC/AA/A/2016/16 दिनांक: 06.04.2016
संदर्भ संचिका सं. CICOM/A/2016/00016
CICOM/R/2015/01044
अपीलकर्ता : श्री सुरेन्द्र सिंह,
एल.आई.जी. 69, जी ब्लॉक,
गुजैनी, कानपुर,
उत्तर प्रदेश - 208022.

निर्णय की तारीख: 06.04.2016

| | |
|---|---|
| आर.टी.आई. आवेदन की तिथि | 21.10.2015 |
| आर.टी.आई. आवेदन के प्रतिउत्तर की तिथि | 16.11.2015, |
| प्रतिउत्तर देने वाले जन सूचना अधिकारी | श्री अविनाश चन्द्र पटेल |
| प्रथम अपील दाखिल करने की तिथि | 15.12.2015 |
| आयोग में प्रथम अपील का डायरी सं. व तिथि | 184082/23.12.2015 |
| प्रथम अपीलीय अधिकारी के कार्यालय का डायरी सं. व तिथि | 617/29.12.2015 |

1. अपीलकर्ता ने आर.टी.आई. आवेदन के माध्यम से तीन बिंदुओं पर मुख्य सूचना आयुक्त के स्तर पर द्वितीय अपील के निस्तारण हेतु निर्धारित समय सीमा से संबंधित जानकारी मांगी थी कि जिसके प्रतिउत्तर में श्री अविनाश चन्द्र पटेल, संयुक्त सचिव व केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी द्वारा प्रदान की गई सूचना, जिसमें उल्लेख किया गया है कि वांछित सूचना आयोग की वेबसाईट पर उपलब्ध है, से व्यथित होकर अपीलकर्ता ने प्रथम अपील दाखिल की है। अपीकर्ता ने अभियोग लगाया है कि संबंधित सूचना उल्लिखित वेबसाईट पर उपलब्ध नहीं है।

2. संबंधित संचिका का अवलोकन करने पर पाया गया कि श्री अविनाश चन्द्र पटेल, संयुक्त सचिव व केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी द्वारा प्रदान की गई सूचना पूर्णत: सही है । जन सूचना अधिकारी ने अपने पत्र में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया है कि वांछित सूचना आयोग की वेबसाईट www.cic.gov.in पर Notification Column में उपलब्ध है। वेबसाईट की जांच करने पर पाया गया कि संबंधित सूचना वेबसाईट www.cic.gov.in पर सूचना अधिकार अधिनियम, 2005(RTI Act, 2005) तथा सूचना का अधिकार नियम, 2012 (*The Right to Information Rules , 2012*) Notification Column में उपलब्ध है। अत: अपीलकर्ता को निर्देश दिया जाता है कि श्री अविनाश चन्द्र पटेल, केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी द्वारा प्रदान की गई सूचना का सावधानी पूर्वक अवलोकन करें और दिए गए वेबसाईट से सूचना प्राप्त करें।

3. तद्नुसार अपील निस्तारित की जाती है।

4. प्रस्तुत संदर्भ में अधिनियम की धारा 19(3) के अंतर्गत द्वितीय अपील, यदि कोई हो, आदेश प्राप्ति के 90 दिनों के अंदर केन्द्रीय सूचना आयोग, 'सी' विंग, अगस्त क्रांति भवन, भिकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली - 110066 में की जा सकती है।

अधोहस्ताक्षरी (प्रथम अपीलीय अधिकारी) के पास कार्य की अधिकता एवं हिंदी टंकण जानने वाले कार्मिक की अनुपलब्धता के कारण अपील के निपटान में हुई देरी के लिए खेद है।

C. I. C./के० सू० आ०
RECEIVED
12 APR
Initials

अचला सिन्हा
(अचला सिन्हा)
अपर सचिव एवं
प्रथम अपीलीय अधिकारी

प्रतिलिपि :
1. जन सूचना अधिकारी आर.टी.आई. प्रकोष्ठ, केन्द्रीय सूचना आयोग, नई दिल्ली।

C. I. C./के० सू० आ०
ISSUED
12 APR 2016
D No.
Initials